मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पुस्तक मानस मोती का विमोचन करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने किया पुस्तक मानस मोती का विमोचन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित जनता दर्शन हॉल में जन समस्याओं को सुना। लोगों ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता से संबंधित समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निदान के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। मुख्यमंत्री ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। दीर्घावधि के कार्यों में भी उन्होंने तेजी लाने के निर्देश दिए।

### 100 यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा पर आम आदमी पार्टी ने उठाए सवाल

**संवाददाता** ऋषिकेश। आम आदमी पार्टी ने उत्तराखंड सरकार की ओर से घरेलू खपत के लिए 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा को चुनावी जुमला बताया है। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी डा. राजे सिंह नेगी ने कहा कि अपने खिसकते जनाधार और आम आदमी पार्टी के तेजी के साथ बढते जनाधार को देखते हुए भाजपा को मुफ्त बिजली की घोषणा करने को विवश होना पड़ा है। नेगी ने बताया कि आज मंहगी बिजली के विरोध में आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री आवास कूच करेगी।

### 3 महीने के लिए चीनी और खाद्यान्न योजना का खाद्यान्न उपलब्ध

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री बंशीधर भगत की अध्यक्षता में विधानसभा स्थित सभा कक्ष में खाद्य् एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अन्तर्गत सरकारी राशन विक्रेताओं की समस्यों के सम्बन्ध में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राशन विक्रेताओं की समस्यों को सुन कर निर्णय लिया गया कि राज्य खाद्यान्न योजना व चीनी के लिए राशन विक्रेताओं का लाभांश बढा कर 50 रू. प्रति कुन्तल किया जायेगा। अभी तक यह चीनी में 07 रूपये 28 पैसे और राज्य खाद्य योजना में 18 रूपये प्रति कुन्तल था।

### महिंद्रा ने नया सुप्रो प्रॉफिट ट्रक रेंज किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, जो भारत की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनियों में से एक है और वॉल्यूम की दृष्टि से दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर कंपनी है, ने आज सुप्रो प्रॉफिट ट्रक्स की अपनी रेंज लॉन्च की। इन ट्रक्स को सफल सुप्रो प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है। कार्गो मूवर की यह नई रेंज खरीदने लायक है। यह अधिक दमदार है और भारी पेलोड क्षमता, ज्यादा माइलेज का दावा करती है और इस प्रकार, ग्राहकों को अधिक मुनाफे का आश्वासन देती है।

## बजट शतप्रतिशत खर्च नहीं हुआ तो होगी प्रतिकूल प्रविष्टि: महाराज

**समीक्षा**

■ समीक्षा बैठक में मंत्री सतपाल महाराज ने लोनिवि के अधिकारियों को किया सचेत

**संवाददाता**

देहरादून। निर्माण कार्य के दौरान जो भी अधिकारी अपने बजट को शत प्रतिशत खर्च नहीं करेगा उसके विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि की जाएगी। उक्त बात शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग निदेशालय में समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज कही। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग निदेशालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी लेने के साथ–साथ विभागीय अधिकारियों को सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता लाने के साथ–साथ समय से पूरा करने के निर्देश दिए।



लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने अपनी प्रथम विभागीय समीक्षा बैठक में प्रदेश के सभी जनपदों के निर्माण खंड के अधिकारियों को हिदायत दी है कि परसों का रख रखाव प्राथमिकता से होना चाहिए उन्होंने कहा कि राज्य की अधिकांश सड़कों की स्थिति चिंताजनक है और को पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं। जिस कारण इन मार्गों पर यातायात असुविधाजनक और असुरक्षित है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सड़कों पर लगे साइन बोर्ड गिरे हुए हैं साइन बोर्ड को फोन लगाया जाए स्थानों पर पेड़ों की टहनियों से घिरे होने के कारण विजन स्पष्ट नहीं है उन स्थानों पर पेड़ों की लॉपिंग की जानी चाहिए की जानी चाहिए। मार्गो पर नालियों तथा स्कबर बंद पड़े हुए हैं बरसात प्रारंभ हो चुकी है किंतु इनकी सफाई नहीं कराई जा सकी है अतः तुरंत सफाई इनकी करवाई जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मार्गों का निर्माण निर्धारित समय पर किया जाना चाहिए, बार–बार पुनरीक्षित आंगणन गठित किए जाने की जो परंपरा है उससे निर्माण की लागत में कई गुना वृद्धि हो जाती है इसलिए निर्धारित समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए। लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहां की पूरी कनेक्टिविटी भारतमाला के माध्यम से करने का प्रयास किया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान एलाइनमेंट था ध्यान रखना बहुत आवश्यक है ताकि हम पेट्रोल डीजल की खपत को भी कम कर सकें। उन्होंने कहा कि जब हम सड़कों की बात करते हैं तो हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि ट्रैवलिंग डिस्टेंस कम हो और पर्यटक जल्दी से अपने गंतव्य तक बिना किसी बाधा के आ जा सकें।

### शासन ने आइपीएस अभिनव कुमार को बनाया सीएम का अपर प्रमुख सचिव

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की टीम में भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) के अधिकारी अपर पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार की तैनाती हो गई है। शासन ने आइपीएस अभिनव कुमार को मुख्यमंत्री का अपर प्रमुख सचिव बनाया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभालने के बाद पुष्कर सिंह धामी अब धीरे–धीरे अपनी टीम का विस्तार कर रहे हैं। इस कड़ी में उन्होंने सबसे पहले अपर मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन को अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री का दायित्व सौंपा। अब वह एडीजी अभिनव कुमार को मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनाती दे दी है।

बता दें एडीजी अभिनव कुमार की तैनाती की चर्चा बुधवार से ही चल रही थी, जब वह सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्य शुरू करते समय उनके साथ नजर आए थे। गुरुवार को उनकी तैनाती की पत्रावली चलनी शुरू हो गई। आज शासन ने आइपीएस अभिनव कुमार को मुख्यमंत्री का अपर प्रमुख सचिव बनाने का आदेश जारी कर दिया।

## शीघ्र दूर होगी मेडिकल कालेजों में स्टाफ की कमी: डा. धन सिंह रावत

**निर्देश**

■ अधिकारियों को दिये संशोधित प्रस्ताव शीघ्र कैबिनेट में लाने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। राज्य के मेडिकल कालेजों में स्टाफ की कमी को शीघ्र दूर किया जायेगा। फैकल्टी की भर्ती में आ रही दिक्कतों के मध्यनजर सेवा नियमावली में संशोधन किया जायेगा। जिसमें भर्ती की अधिकतम आयु सीमा एवं अन्य बिन्दुओं पर संशोधन प्रस्ताव शीघ्र कैबिनेट में लाया जायेगा। कोरोना की संभावित तीसरी लहर के मध्यनजर प्रत्येक मेडिकल कालेज में बच्चों के लिए 100–100



बेड आरक्षित रखे जायेंगे। उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से सभी मेडिकल कालेजों में शीघ्र पैरा मेडिकल स्टाफ की तैनाती की जायेगी।

यह बात सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा. धान सिंह रावत ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राज्य के मेडिकल कालेजों में फैकल्टी की भर्ती में अधिकतम आयु सीमा 42 वर्ष होने के कारण अनुभवी चिकित्सकों की तैनाती नहीं हो पा रही है। इस समस्या को देखते हुए विभागीय अधिकारियों को मेडिकल कालेजों की सेवा नियमावली संबंधी सभी समस्याओं को हल निकालते हुए संशोधित सेवा नियमावली शीघ्र कैबिनेट में लाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से पैरा मेडिकल स्टाफ की जल्द से जल्द भर्ती कराने को कहा गया है। देहरादून, हल्द्वानी एवं श्रीनगर मेडिकल कालेजों के प्राचार्यों को कोरोना की संभावित तीसरी लहर के मध्यनजर बच्चों के लिए 100–100 बेड तैयार रखने को कहा गया है साथ ही कोरोना के डेल्टा प्लस वैरिएंट की रोकथाम के लिए भी प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिये हैं।

बैठक में महाधिवक्ता उत्तराखंड सरकार एस. एन. बाबुलकर, सचिव स्वास्थ्य एवं निदेशक चिकित्सा शिक्षा पंकज कुमार पाण्डेय, कुलपति एच.एन.बी. मेडिकल विश्वविद्यालय प्रो. हेम चंद्र, डा. डी.एस. रावत सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने किया पुस्तक मानस मोती का विमोचन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को बीजापुर अतिथि गृह में योगी प्रियव्रत अनिमेष द्वारा आध्यात्म एवं नैतिक आख्यानों पर आधारित पुस्तक 'मानस मोती' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि योगी प्रियव्रत द्वारा लिखित यह पुस्तक जीवन के प्रत्येक पहलू पर प्रकाश डालने के साथ ही युवाओं को आध्यात्मिक एवं नैतिक ज्ञान की प्रेरणा प्रदान करने में मददगार होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मानस मोती में लघु कथाओं के माध्यम से दी गई सारगर्भित शिक्षाएं समाज को भी प्रेरणा प्रदान करेंगी। पुस्तक के विमोचन के लिये लेखक योगी प्रियव्रत अनिमेष ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सिक्किम सरकार की परियोजना निवेश आयुक्त सुश्री मृणालिनी श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।